हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


2 मिसाइल मेन के नाम से जाने जाते हैं डॉ. कलाम





4 मुख्य सचिव विकासशील से मिला शिक्षक फेडरेशन ...






## खबर संक्षेप

### आज जुंगेरा आयेंगे मंत्री दयालदास बघेल



**बालोद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे आत्मनिर्भर भारत को लेकर एवं लोकल फॉर वोकल के विषय में जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा में वार्ता लेंगे।

### पत्नी को लेने गए पति को साले ने पीटा

**बालोद।** पत्नी को लेने गए पति के साथ साले ने मारपीट कर दी। इसके बाद युवक ने अपने साले के खिलाफ रिपोर्ट लिखायी है। इसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बोरतरा ऋषि कुमार ऊर्फ रोहित ने पुलिस को बताया कि मेरी शादी संजय कुमार टंडन की लड़की राधिका बाई सोनवानी से प्रेम संबंध से हुई है, मेरा एक बेटा एवं एक बेटी है। ग्राम बोरतरा में अलग से घर बनाकर परिवार के साथ रहता हूं, जब भी ट्रक चलाकर घर आता हूं, मेरी पत्नी अपने माता-पिता के घर में ज्यादा रहती है, मैं 15 अक्टूबर को प्रातः अपने घर आया तो मेरी पत्नी अपने माता-पिता के घर थी, मैं अपने पत्नी को लेने रात्रि में ससुर के घर गया था। पत्नी को घर चलने कहने पर बड़े साला सतीश कुमार टंडन ने मेरे साथ गाली गलौच कर मारपीट की, जिससे मेरे नाक से खून निकल रहा है तथा पूरा शरीर में दर्द हो रहा है।

### पांच जुआरी गिरफ्तार 17,500 रुपए जब्त

**बालोद।** बाईपास रोड नयापारा, बालोद स्थित एक दुकान में हार-जीत का दांव लगाकर 52 पत्ती ताश से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे पांच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 17,500 नकद जब्त किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, बाईपास रोड नयापारा बालोद में चुरामन साहू की डेली नीड्स की दुकान के अंदर जुआ खेले जाने की सूचना पर पुलिस ने रेड कार्रवाई की। मौके पर पांच आरोपी जुआ खेलते पाए गए। गिरफ्तार किए गए आरोपियों मनीष कुमार साहू 26 वर्ष निवासी ग्राम सिवनी, चुरामन साहू 21 वर्ष निवासी बाईपास रोड नयापारा बालोद, देवेन्द्र साहू 33 वर्ष निवासी बाईपास रोड नयापारा बालोद, यशवंत साहू 28 वर्ष निवासी नयापारा बालोद थाना, दुष्यंत साहू 35 वर्ष निवासी ग्राम हल्दी थाना गुंडरदेही जिला बालोद शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जुए में उपयोग की जा रही 52 पत्ती और 17,500 नकद राशि जब्त की है। पांचों आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम वर्ष 2022 की धारा 4, 5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गांवों की महिलाओं को जेंडर समानता एवं अधिकारों के लिए जागरूक करेंगी महिलाएं

## स्व-सहायता समूह ने महिलाओं में जेंडर असमानता, भेदभाव दूर करने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं चैतन्य संस्था के संयुक्त सहयोग से गुण्डरदेही ब्लॉक में महिलाओं के लिए जेंडरगत भेदभाव एवं समानता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण ब्लॉक के सिकोसा, डूडेरा, भरदाकला और भटागांव आर क्लस्टरों की महिला स्व–सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में जेंडर असमानता, भेदभाव एवं महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रशिक्षकों ने बताया कि समाज में महिलाएं कई बार असमान व्यवहार का सामना करती हैं, जिसे शिक्षा, जागरूकता और कानूनी जानकारी के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को विभिन्न महिला सुरक्षा एवं अधिकार संबंधी कानूनों की जानकारी दी गई। इनमें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, दहेज निषेध अधिनियम 1961 और कन्या भ्रुण हत्या रोकथाम अधिनियम 1994 शामिल थे।

प्रशिक्षण में एनआरएलएम बिहान पीआरपी नीलम निर्मलकर, कांति साहू, तोमेश्वरी सिंहा और हेमा साहू का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में चैतन्य संस्था से प्रशिक्षक के रूप में जिला समन्वयक शेषपाल साहू, खुशबू साहू एवं प्रीतिबला साहू उपस्थित रहे। वहीं जेंडर बीआरपी रीना पटेल, गिरिजा साहू और पिंकी ठाकुर ने संचालन एवं प्रशिक्षण में सक्रिय भूमिका निभाई।



### ज्ञानवर्धक व उपयोगी

प्रतिभागी महिलाओं ने इस कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताया और कहा कि वे अब अपने गांवों में जाकर अन्य महिलाओं को जेंडर समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। प्रशिक्षण के उपरांत गुण्डरदेही ब्लॉक में जेंडर रिसोर्स सेंटर स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र महिलाओं के सशक्तिकरण, सहायता और संरक्षण से जुड़ी सभी गतिविधियों का केंद्र होगा।इस केंद्र में घरेलू हिंसा, लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न जैसी समस्याओं से जूझ रही महिलाओं को परामर्श (काउंसलिंग), मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही, जरूरतमंद महिलाओं को कानूनी सहायता, हेल्पलाइन सेवाओं और सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा।

## तैयारी

**कलेक्टर ने गुरूर विकासखण्ड के कनेरी एवं मिर्रीटोला की सहकारी समितियों में किसान पंजीयन के कार्यों का अवलोकन किया**

# धान बिक्री के लिए सभी किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन जरूरी, अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला प्रशासन जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड के कनेरी एवं मिर्रीटोला सहकारी समितियों में पहुंचकर एग्रीस्टेक में कराए जा रहे किसान पंजीयन के कार्यों का अवलोकन किया।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सहकारी समितियों में बैठकर एग्रीस्टेक पोर्टल में किए जा रहे किसानों के पंजीयन कार्य का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों से बातचीत कर धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने हेतु अनिवार्य रूप से पंजीयन कराने की समझाईश दी। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए शत प्रतिशत कृषकों का पंजीयन सुनिश्चित कराने कोटवारों को उनके घरों में भेजकर अनिवार्य रूप से उन्हें इसकी जानकारी सूचित कराने के निर्देश भी दिए। जिससे जिले का कोई भी पात्र कृषक धान खरीदी योजना का समुचित लाभ लेने से वंचित न रह सके। उल्लेखनीय है कि बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के शत प्रतिशत कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु 15 से 17 अक्टूबर तक जिले के सभी सहकारी समितियों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के ऐसे किसान ▶▶ शेष पेज 02 पर



### कलेक्टर ने ली जानकारी

कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु किसान संबंधित सहकारी समितियों के अलावा ग्राहक सेवा केन्द्रों में पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत ऐसे किसान जिन्हें व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है वे 17 अक्टूबर तक सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में उपस्थित होकर अपना व्यक्तिगत जानकारी अद्यतन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों कार्यों के लिए किसानों को अपना किसान किताब, आधार कार्ड एवं मोबाईल के साथ निर्धारित स्थानों में उपस्थित होना अनिवार्य है। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित संबंधित हल्का पटवारियों एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों को तलब कर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए कृषकों के पंजीयन के कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को निर्धारित समयावधि तक ▶▶ शेष पेज 02 पर

# शादी से इंकार करने पर युवक की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शादी करने से मना करने पर एक युवक से बर्बरतापूर्ण मारपीट और सार्वजनिक रूप से बेइज्जती करने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम साजा निवासी युवक गजेंद्र छेदईया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

- पीड़ित ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कराया

पीड़ित गजेंद्र छेदईया ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर को गुण्डरदेही में ग्राम साजा निवासी पोखराज सिन्हा और रघुनंदन सिन्हा नशे की हालत में उनके पास आए। रघुनंदन सिन्हा ने गजेंद्र पर अपनी बेटी से शादी करने का दबाव बनाया। जब गजेंद्र ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया, तो इस बात पर दोनों आरोपी भड़क गए।

गजेंद्र के अनुसार इंकार करने पर दोनों आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए बेरहमी से हाथ-मुक्कों से मारपीट की। मारपीट के कारण गजेंद्र के होंठ, पीठ और बाएं पैर के पंजे में गंभीर चोटें आईं।

मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब मारपीट के बाद आरोपियों ने युवक के शरीर पर पहने हुए कपड़े पैंट, शर्ट और यहां तक कि अंडरवियर को भी जबरदस्ती उतार दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि वे जानते थे कि ▶▶ शेष पेज 02 पर

# टेबल टेनिस में गुण्डरदेही कॉलेज की टीम ने हासिल किया द्वितीय स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित सेक्टर स्तरीय महिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

ज्ञातव्य हो कि गुण्डरदेही की टीम ने शैलदेवी महाविद्यालय की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग से हुआ। सेमीफाइनल में शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही ने शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग को 3–2 से परास्त कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मैच में मनसा महाविद्यालय से हुए दिलचस्प कांटे की टक्कर में गुण्डरदेही की टीम पीछे रह गई एवं उपविजेता में अपना स्थान बनाया। उपविजेता टीम के प्रत्येक प्रतिभागियों ने प्रमाण–पत्र, मेडल एवं उपविजेता ट्राफी के साथ अगले दिन महाविद्यालय में प्रवेश किया जहां उनका स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि खेल का उद्देश्य केवल मनोरंजन या हार–जीत का नहीं होता है, अपितु शारीरिक और मानसिक विकास करना भी होता है। प्राचार्य ने खिलाड़ियों के मेहनत और लगन की प्रसंशा करते हुए उन्हें आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया।

### चाय दुकान वाली ने की महिला की पिटाई, घायल

**बालोद।** चाय दुकान में चाय मांगने पर महिला दुकानदार ने चाय मांगने वाली महिला के साथ मारपीट कर दी, इसके बाद महिला की बहू ने मारपीट करने वाली महिला के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। इसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड 22 राजहरा निवासी आशा सोनकर ने पुलिस को बताया कि 15 अक्टूबर को मेरी सास कलावती सोनकर टहलने के लिये मछली पसरा की ओर गई थी। मछली पसरा के पास रेणुका देवांगन की चाय दुकान है। मेरी सास चाय पीने के लिये चाय दुकान के पास गई और चाय मांगी, रेणुका को चाय के लिये चिल्लाई तब रेणुका देवांगन ने गाली गलौज कर डंडा से मारपीट की। इससे मेरे सास की सिर एवं बायां पैर में चोंट आने से खून बह रहा है, आस पास के लोगों ने बीच बचाव किये हैं, मेरी सास को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कोण्डे पावर हाउस राजहरा में भर्ती किये थे, जहां से रिफर करने पर जिला अस्पताल बालोद में भर्ती कराया गया है।






## आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर किया आयोजन

# आरएसएस ने किया पथ संचलन और की शस्त्र पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुण्डरदेही मुख्यालय के पुराना स्कूल मैदान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा पथ संचलन कर पारंपरिक शस्त्र पूजा की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्वयंसेवकों और सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने पूर्ण गणवेश धारण कर पूरे नगर में भ्रमण किया, जिससे नगर में एक उत्साहपूर्ण और अनुशासित माहौल निर्मित हुआ। मुख्य अतिथि कौशल्या धाम पाटेश्वर के संत श्रीराम बालक दास महा त्यागी संचालक, पाटेश्वर धाम रहे, जिन्होंने कहा कि राष्ट्र धर्म सबसे ऊपर है। उन्होंने संघ के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संघ के कार्यक्रम में डर नहीं बल्कि गर्व का अनुभव होता है और इसका प्रमुख कार्य लोगों को जोड़कर सामाजिक सद्भाव बनाए रखना है।



मुख्य वक्ता नाड़ी वैद्य जिला धर्म जागरण प्रमुख पुरुषोत्तम राजपूत ने स्वयंसेवकों के समर्पण भाव को नमन करते हुए कहा कि संघ भारत माता को परम वैभव के शिखर पर स्थापित करने के पुनीत कार्य में लगा है। अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त शिक्षक जेआर साहू ने अपने शिक्षकीय जीवन का अनुभव साझा करते हुए संघ को अनुशासन सिखाने की पाठशाला बतायी, जिसमें समरसता की झलक दिखाई देती है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि यह केवल संघ की यात्रा नहीं बल्कि हिंदू समाज के आत्मविश्वास और विश्व कल्याण के संकल्प की यात्रा है। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, और केशवराम साहू पवन सोनवर्षा ने किया। पथ संचलन कर नगर भ्रमण के पश्चात, स्वयंसेवकों द्वारा मैदान में योग, चाप, दंड का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त, निरू युद्ध, राष्ट्रभक्ति गीत और सुभाषित आदि का भी प्रभावी प्रदर्शन किया गया, जो संघ के शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण को दर्शाता है। कार्यक्रम में खंड संघ चालक ईवन सिन्हा, जिला बौद्धिक प्रमुख गोविंद साहू, खंड कार्यवाहक बेद कुमार साहू, युवराज मारकंडे कौशल जांगड़े, कादीर मंसुरी, हेमंत साहू, छगन सोनकर, शैल महोबिया, पूजा बिंझेकर, हेमंत साहू, सेवाराम देवांगन, रवि देवांगन, दिलीप साहू, सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और स्वयंसेवक उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### कॉलेज में दीपोत्सव पर छात्रों ने दी सुआ नृत्य की प्रस्तुति

**बालोद/सिकोसा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय, बेलोदी में धनतेरस के उपलक्ष्य में दीपोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। माता लक्ष्मी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सम्पूर्ण महाविद्यालय में दीप जलाकर महाविद्यालय को रौशनी से सराबोर कर दिया। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा आकर्षक सुवा नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। दीपों के प्रकाश से पूरा महाविद्यालय जगमगा उठा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार, समस्त स्टाफ एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थीं।

### ईश्वर बने गौसेवा आयोग समिति के अध्यक्ष

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ शासन गौसेवा आयोग द्वारा गौमाता के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों में समिति का गठन किया गया है। इसी क्रम में आदिवासी बाहुल्य विकासखंड समिति का गठन किया गया, जिसमें ईश्वर चक्रधारी को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस समिति का प्रमुख दायित्व गौमाता की तस्करी पर रोक लगाना, मानव जीवन में गौमाता की उपयोगिता के प्रति जनजागरूकता फैलाना, पंचगव्य चिकित्सा, गौ-आधारित कृषि, तथा पर्यावरण संरक्षण के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना रहेगा। साथ ही, आयोग द्वारा चलाई जा रही गोधाम योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भी इस समिति को सौंपी गई है। समिति में अध्यक्ष ईश्वर चक्रधारी के साथ सदस्य के रूप में पुषण लाल भुआर्य, कमलकांत साहू, युधिष्ठिर साहू, श्याम सिंह और नेमीचंद सेन ने पदभार ग्रहण कर गौसेवा की शपथ ली। गौसेवा आयोग का यह कदम न केवल ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में गौसंवर्धन को गति देगा, बल्कि ग्राम्य अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण में भी नई ऊर्जा का संचार करेगा।



### चौकी प्रभारी की धमकी, ट्रेवल्स संचालक ने की शिकायत

**भिलाई।** दुकान खाली कराने को लेकर ट्रेवल्स संचालक पर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत सीएम, एसएसपी से लिखित में की गई है। शॉप नं. 46/1, सरस्वती कॉम्प्लेक्स चर्च के बाजू में, जी.ई. रोड, सुपेला संचालक जेके ट्रेवल्स जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया है कि चौकी प्रभारी गुरविंदर संधु ने उसे सरकारी मोबाइल नंबर से कॉल कर चौकी बुलाया था।

आयोजन

**भाजपा ने मनाई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जन्म जयंती**

# मिसाइल मेन के नाम से जाने जाते हैं डॉ. कलाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा भारत रत्न, मिसाइल मैन डॉ ए.पीजे अब्दुल कलाम की जन्मजयंती बालोद जिला मुख्यालय के वार्ड 8 में मनाई गई।

इसमें प्रमुख रूप से जिला भाजपा के पूर्व मंत्री शरद ठाकुर ने कहा डॉ. अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को रामेश्वरम, तमिलनाडु में हुआ था। एक साधारण परिवार में पले–बढ़े, उन्होंने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद शिक्षा प्राप्त की और एक वैज्ञानिक, लेखक और राजनेता बने। उन्होंने भारत के मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रमों के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई और भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया, जिसके कारण उन्हें मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति के रूप में जाना जाता है।

भारतीय जानता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष अकबर तिगाला ने अपने संबोधन में कहा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भारत के लिए मिसाइल और परमाणु शक्ति के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई, स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी–3 बनाया, और 1998 में पोखरण–परमाणु परीक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा, उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया और एक शिक्षक व राष्ट्रपति के रूप में भी देश की सेवा की।





मिसाइल मैन ऑफ इंडिया बैलिस्टिक मिसाइलों और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास में उनके योगदान के कारण उन्हें मिसाइल मैन ऑफ इंडिया कहा जाता है।

उन्होंने 1980 के दशक में इस कार्यक्रम की शुरुआत की, जिससे पृथ्वी, अग्नि, त्रिशूल, आकाश और नाग जैसी स्वदेशी मिसाइलों का विकास हुआ। डीआरडीओ और इसरो में काम करते हुए उन्होंने भारत के पहले स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी–3 के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पोखरण परमाणु परीक्षण 1998 में हुए पोखरण परमाणु परीक्षण में उन्होंने एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक, तकनीकी और राजनीतिक भूमिका निभाई। उन्हें राष्ट्रपति (2002–2007) बनने पर जनता के राष्ट्रपति के रूप में जाना जाता था, क्योंकि वे जनता के बीच लोकप्रिय थे और एक वैज्ञानिक के तौर पर राष्ट्रपति पद पर रहे।

जिला भाजपा के पूर्व मंत्री राजीव रिंकू शर्मा ने अपने संबोधन में कहा युवाओं के लिए प्रेरणा उन्होंने हमेशा युवाओं को सपने देखने और नवाचार के लिए प्रेरित किया। वे खुद को शिक्षक कहलाना पसंद करते थे।

टेक्नोलॉजी विजन 2020 रू उन्होंने भारत को 2020 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक रोडमैप के रूप में यह योजना प्रस्तुत की थी। परमाणु शक्ति उन्होंने भारत को एक मजबूत परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद की। ह्यूमन ट्रेन कार्य उन्होंने राष्ट्रीय आपदाओं के दौरान राहत कार्यों में मदद के लिए डीआरडीओ के संसाधनों का उपयोग किया।

इस कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक के पार्षद प्रत्याशी रुखसाना बेगम, फिरोज कुरैशी, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अजहरुद्दीन कुरैशी, असरार अहमद, नासिर ख़ान, राजिक ख़ान, रियाज ख़ान, शाहना बेगम, फरीदा बेगम, जहाना बानो सहित भारतीय जनता पाटएँ एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सदर बाजार में छोट-बड़े वाहनों के आने-जाने पर लगा प्रतिबंध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

दीपावली पर्व के मद्देनजर 17 से 22 अक्टूबर तक सदर बाजार में सुबह 9 से रात्रि 11 बजे तक चारपहिया बड़ी वाहने एवं छोटी वाहनों के आने-जाने पर प्रतिबंधित लगाया गया है। जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा अगामी दीपावली पर्व के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण तरीके से दीपावली पर्व के आयोजन हेतु सी मार्ट बालोद एवं बाल मंदिर स्कूल एवं यातायात कार्यालय बालोद के सामने पार्किंग स्थल के रूप में चयनित किया गया। आम नागरिकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों में वाहन पार्किंग करने एवं व्यपारीयों से अपने दुकानों के सामने अनाधिकृत रूप से सामान निकालकर व्यवसाय नहीं करने की अपील की गई। दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर के मुख्य सदर बाजार मार्ग में भीड़–भाड़ की संभावना को देखते हुए, 17 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक सदर बाजार बालोद में सुबह 9 से रात्रि 11 बजे तक चारपहिया बड़ी वाहने एवं छोटी वाहनों पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया गया है। शहर के सी मार्ट, बाल मंदिर स्कूल, कन्या शाला स्कूल एवं यातायात कार्यालय बालोद के सामने दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की पार्किंग के रूप में चिन्हांकित किया गया है।

■ दिवाली पर सुगम यातायात बनाये रखने जिला प्रशासन ने लिया निर्णय

यातायात पुलिस बालोद आम नागरिकों से अपील किया गया कि निर्धारित पार्किंग स्थलों में ही अपने वाहनों की पार्किंग किया जाए एवं व्यपारियों, दुकानदारो से अपील किया जाता है कि अपने दुकानो, व्यवसाय के सामने अनाधिकृत रूप से सामान निकालकर व्यवसाय नहीं करे अपने दुकानों के सामने पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह रखे।

# स्वच्छता अभियान को सार्थक बनाने में जुटे पार्षद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले की बालोद नगरपालिका में भाजपा पार्षद गिरिजेश गुप्ता ने जो कदम उठाया है, उसने सरकारी प्रयासों को आइना दिखा दिया है। दीपावली त्यौहार को देखते हुए अपने निजी खर्च पर श्रमिक लगाकर सफाई अभियान चलाने वाले पार्षद ने न केवल समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है, बल्कि एक अनुकरणीय उदाहरण भी प्रस्तुत किया है।

■ स्वयं के खर्च पर नगर की सफाई करा रहे

वार्ड 18 के ये भाजपा पार्षद ने दीपावली करीब आते ही वार्ड के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए उन्होंने खुद सफाई का बीड़ा उठाया है। बीते कई दिनों से पार्षद गुप्ता अपने निजी खर्च पर पुरुष श्रमिकों को वार्ड की साफ–सफाई में लगाया है। इनमें जिला सत्र न्यायालय जैसे भीड़भाड़ वाले स्थान शामिल हैं। उनका यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान के आह्वान को सार्थक करने वाला है। स्थानीय लोग भी इस पहल से प्रभावित नजर आ रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि, एक पार्षद का यह प्रयास वास्तव में प्रेरणादायक है। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। वार्डवासियों ने बताया कि हमारे वार्ड में पहले सफाई की गंभीर समस्या थी, लेकिन पार्षद के प्रयासों से हालात तेजी से बदल रहे है। त्यौहार के अवसर पर यह अनुकरणीय पहल है, जिससे लोगों को भी प्रेरणा मिल रही है। पूर्व के कार्यकाल में नगर परिषद की सफाई व्यवस्था कागजों तक ही सीमित रही है। पार्षद का कहना है कि, अगर हम सब मिलकर आगे आएं तो अपने नगर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते है। अपने स्वयं के खर्च पर वार्ड में सफाई करने का निर्णय इसलिए लिया ताकि समाज को संदेश दिया जा सके।



शिकारीपारा निवासी मनोज चंद्राकर का कहना है कि हमारे पार्षद का यह कार्य समाज को एक नया रास्ता दिखाता है। त्यौहार पूर्व उनका सफाई अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छता का संदेश है। वार्डवासी संदीप सिन्हा ने कहा कि, अपने खर्चे पर 3 अतिरिक्त कर्मचारी लगाकर वार्ड की सफाई कराने का कार्य कर रहे है। जागेश्वर ढीमर का कहना है कि, हमारे पार्षद वार्डवासियों की परेशानियां सुनते हैं, उनकी समस्याओं को हल करने में व्यक्तिगत रुचि लेते हैं। अनिता पेंढारकर ने बताया कि, त्यौहार को देखते हुए उन्होंने किसी पर दोष मढ़ने की बजाय खुद आगे बढ़कर ज़िम्मेदारी निभा रहे।

पार्षद गिरिजेश गुप्ता का कहना है कि, दिवाली हमारा प्रमुख त्योहार है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की जीत और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक माना जाता है। दिवाली से पहले साफ–सफाई करना शुभ माना गया है, क्योंकि मान्यता है कि स्वच्छ स्थान में मां लक्ष्मी का आगमन होता है। वास्तु शास्त्र में भी इसका विशेष महत्व बताया गया है। पार्षद ने बताया कि वो चाहते है कि मेरे वार्ड के प्रत्येक घरों में मां लक्ष्मी का आगमन हो।

# पाटन के होटलों में परोसी जा रही थी शराब, 7 पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

होटल के आड में शराब बेचने वालों के खिलाफ पाटन पुलिस ने दबिश दिया। जहां पुलिस ने 7 होटलों व ढाबों पर कार्रवाई कर आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की रात थाना पाटन क्षेत्र में संचालित होटल और ढाबों पर बड़ी कार्रवाई की गई। सूचना पर कुछ होटल और ढाबा संचालक अपने प्रतिष्ठानों में छिपकर शराब पिला रहे थे। मौके पर पुलिस 7 होटल-ढाबा संचालकों को रंगे हाथों पकड़ा है।



पुलिस की दबिश के दौरान खुलेआम ढाबा संचालक लोगों को शराब बिठाकर शराब पिला रहे थे। यहां के कई ढाबों में ग्राहकों को खुलेआम शराब परोसा जाता था। मौके से शराब के ग्लास,बोतलें, अन्य सामग्री जब्त की गई है। पुलिस ने वार्ड 9 पाटन निवासी दिनेश मण्डेश, महामाया पारा पाटन रोहित कुमार पेण्डरिया,इंदिरा नगर पाटन देवेन्द्र यादव, शेख जाहिद, महावीर चौक पाटन ईश्वरी पटेल, करन पटेल, महादेवघाट अमलेश्वर मोहन साहू के खिलाफ कार्रवाई किया है। पाटन पुलिस ने बताया कि अवैध शराब बेचने और सेवन को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। किसी भी होटल, ढाबा या सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान चलाकर सार्वजनिक जगह पर शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## पेज 3 के शेष

### धान बिक्री के लिए ...

जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है, किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए हैं। सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है, किंतु उन्हें व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी की जाएगी।

### कलेक्टर ने ली ...

शत प्रतिशत पूरा कराने तथा इसका समुचित प्रचार–प्रसार कराने के भी निर्देश दिए। इसके अंतर्गत कोटवारों को उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों के घरों में भेजकर उन्हें अनिवार्य रूप से सूचित कराने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों की पंजीयन नहीं होने की स्थिति में उसका स्पष्ट कारण भी दर्शाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने 17 अक्टूबर तक सहकारी समितियों में आयोजित शिविरों में एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए कृषकों की समुचित उपस्थिति सुनिश्चित कराकर उनके पंजीयन के कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए।

### शादी से इंकार ...

वह आदिवासी जाति का है, इसके बावजूद उसे अपमानित करने के इरादे से नग्न घुमाया गया। घटना से आहत और क्षुब्ध पीड़ित को बाद में उनके मामा ने गमछा पहनाया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धारा 2(5) एससीएच, 3(1) पपपद्ध एचसीएच, 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# तहसील कोटवार संघ के अध्यक्ष बने डोमार और भाव सिंह को उपाध्यक्ष की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

तहसील राजस्व ग्राम पटेल संघ बालोद का चुनाव मां बंजारी धाम जुगेरा में संपन्न हुआ। इसमें चुनाव अधिकारी कि उपस्थित में सर्वसम्मति से पारित किया गया।



संरक्षक गैंदलाल सोनकर, अध्यक्ष डोमार सिंह कुंवर, उपाध्यक्ष भाव सिंह यदुवंशी, लिलेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष जोहन प्रधान, सचिव भोमराज साहू, सहसचिव हेमंत कुमार यादव, कार्यकाणीय सदस्य धनु लाल सोनकर, निजाम सिंह, रमेश कुमार रावटे, इतवारी राम, संतराम साहू, रवि शंकर कोटेन्द, हरिराम साहू, राधे श्याम साहू, प्रचार प्रसार मंत्री योगेंद्र सिंह देशमुख, सुदामा साहू, होरी लाल साहू, संतोष बघेल, दिनेश साहू, बिंझवार पटेल, मोहन ठाकुर, राम प्रसाद पोते, चुनाव प्रभारी केवल सिंह चंदेल, सुरज लावत्रे, रामचंद्र साहू, राम चंद सिन्हा, अनिल निषाद, आंनद राम साहू, तिलक सोरी के उपस्थिति में तहसील पदाधिकारियों गठन किया गया। यह जानकारी संध के उपाध्यक्ष भाव सिंह यदुवंशी ने दिया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप



### डॉ. रमनसिंह को जन्मदिन की बधाई दी

**अंडा।** पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमनसिंह को उनके जन्मदिवस पर बधाई देने उनके रायपुर निवास में बधाई देने पर विधायक डॉ दयाराम साहू पहुंचे। डॉ रमनसिंह को जन्मदिवस पर बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य व स्वस्थ जीवन व लंबी आयु की कामना करते हुए मिलकर शुभकामनाएं बधाई दिए।

### तेज रफ्तार ट्रक ने अटल स्मारक को मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**बालोद।** जिले के ग्राम अरमरीकला में तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रक ने गांव के चौक पर स्थित अटल स्मारक को टक्कर मार दी, जिससे स्मारक क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, इस घटना में सड़क किनारे खड़े कुछ ग्रामीण बाल-बाल बच गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम अरमरीकला निवासी भीषम नागवंशी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर की रात्रि करीब 7.30 बजे, वह गांव के ईश्वर बंजारे के साथ यात्री प्रतिक्षालय में बैठे थे। इसी दौरान, गुंडरदेही की ओर से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 18 आर 1139 के चालक ने वाहन को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए अचानक गुरूर की ओर मोड़ दिया। ट्रक को अचानक मोड़ने के कारण सड़क किनारे खड़े गांव के रामअवतार साहू और सोहन साहू दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बच गए। हालांकि, वाहन चालक ट्रक पर नियंत्रण नहीं रख सका और सीधे गांव के अटल चौक पर स्थित अटल स्मारक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे स्मारक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ 184 एलकेएस लापरवाही से वाहन चलाना, 281 बीएनएस सार्वजनिक उपद्रव और संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बोड़रा में सैनिक सम्मान समारोह कल

**गुरूर।** नो टेंशन क्लब एवं स्पर्श रक्तदान समिति एवं ग्रामवासी बोड़रा द्वारा सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन 18 अक्टूबर को किया गया है। इसके उद्घाटन समारोह के तहत सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर व चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। संध्या 5 बजे देशभक्ति एवं लोक गीतों की प्रस्तुति लोक रंग अर्जुन्दा के कलाकारों द्वारा की जाएगी व संध्या 5 बजे शहीद सैनिक परिवार एवं अंचल के सैनिकों एवं अतिथियों का आगमन शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा होंगी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू करेंगी। अति विशिष्ट अतिथि में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सभापति संध्या अजेन्द्र साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर पोषण लाल साहू, पूर्व जनपद पंचायत सदस्य गुरूर राजश्री उपस्थित रहेंगे।




# गुण्डरदेही नपं बाल विवाह मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ कलेक्टर ने दिया प्रमाण पत्र

सामाजिक सुधार की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए गुण्डरदेही नगर पंचायत को आधिकारिक तौर पर बाल विवाह मुक्त घोषित किया गया है। विगत दो वर्षों में निकाय के समस्त 15 वार्डों में बाल विवाह का एक भी मामला दर्ज नहीं होने पर जिला बालोद कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा नगर पंचायत को यह प्रतिष्ठित बाल विवाह मुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

यह उल्लेखनीय सफलता मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण पटेल की सक्रिय भूमिका, सभी वार्डों के पार्षद गण, नागरिकों, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों और संबंधित विभागों के प्रभावी समन्वय एवं सहयोग का परिणाम है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण पटेल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होंने इस सामूहिक प्रयास को सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। यह सम्मान गुण्डरदेही नगर पंचायत के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा और एक स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सभी वर्ग मिलकर काम कर रहे हैं।

## विरोध : तहसीलदार के खिलाफ जताया आक्रोश

# कमिश्नर के निर्णय का पालन नहीं कांग्रेस ने घेरा तहसील कार्यालय






हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मोनू ठाकुर के नेतृत्व में नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष प्रदीप साहू द्वारा शासकीय संपति में अवैध कब्जा कर मकान बनाने के विरोध में तहसील कार्यालय का घेराव किया गया। सत्ता सरकार के दबाव में कमिश्नर के आदेश के बाद भी तहसीलदार के द्वारा मकान न तोड़ना ये दर्शाता है कि प्रशासन सरकार के दबाव में आकर किस तरह बीजेपी नेता को सरंक्षण दें रहे। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने तहसील का घेराव कर जवाब तलब किया। भारी हंगामा के बीच संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस प्रशांत बोकडे ने कहा कि जब तक इस प्रकरण पर कार्यवाही नही होगी तब तक यह आंदोलन होता रहेगा।

तहसील कार्यालय घेराव में प्रमुख रूप से संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकडे, किशोर साहू, सुमीत राजपूत, शादिक अली, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश दीवान, विधानसभा अध्यक्ष संदीप साहू, एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक साहू, यशवंत पूरी गोस्वामी, हिमांशु कुमार कुलदीप साहू, एनएसयूआई जिला महासचिव रवि साहू, साजन पटेल, सोमनाथ साहू, उमर अली, गोलू साहू, तैय्यब अली, बबलू कुंजाम, जैल सिंह उईके, मीडिया प्रभारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर शिवम कुरैटी सहित गुरुर ब्लॉक एवं विधानसभा के युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### माध्यमिक स्कूल में हुआ मेगा पीटीएम



**गुरूर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सुर्रा विकासखण्ड गुरूर में द्वितीय मेगा पीटीएम का आयोजन किया गया। इसमें त्रैमासिक आकलन की जानकारी सभी पालकों को दी गई। साथ ही बच्चों के शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान एसएमसी पुनर्गठन का कार्य भी किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष केदार सिंह साहू, उपाध्यक्ष विश्राम सिंह साहू व भूषण राम साहू को शिक्षाविद् बनाया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र राजपूत द्वारा अपने पिता स्वगएँय दुर्योधन राजपूत की स्मृति में न्योता भोज का आयोजन करवाया गया।

### हायर सेकंडरी में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**डौंडीलोहारा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हुई। व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर साहू ने बताया कि इस परीक्षा में भाग लेकर, छात्र भारतीय संस्कृति के गहन ज्ञान, उसके नैतिक आधारों और सदियों से हमारी सभ्यता को आकार देने वाले शाश्वत मूल्यों की गहरी समझ प्राप्त करते हैं। इस अवसर पर परीक्षा के सफल संचालन में बबीता दीवान, नंदिनी जोशी, धर्मिता देहारी व लालिमा रात्रे, संगीता सुधाकर ने विशेष सहयोग प्रदान किया। सफल आयोजन के लिये प्रभारी प्राचार्य पद्मा कोठारी ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

# छात्र-छात्राओं ने जानी बैंक की गतिविधि



**डौं डी लो हा रा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में नवाचारी शिक्षक सुश्री हेपशीबा एंथोनी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए वाणिज्य के विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं के बारे में प्रहसन के माध्यम से समझाया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा बैंक का हमारे जीवन में महत्व, चालू खाता, बचत खाता, सावधि खाता, आवर्ती जमा खाता, ऑनलाइन शॉपिंग, कैशलेश ट्रांजेक्शन, एटीएम, क्रेडिट कार्ड, लॉकर सुविधा, योनो ऐप का उपयोग, लोन कैसे लिया जाय व कितने प्रकार का होता है, यह सब विद्यालय में एक कृत्रिम बैंक बना कर नाटक के माध्यम से अन्य विद्यार्थियों को समझाया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्राचार्य ने मैडम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार होते रहना चाहिए। किसी भी कार्य को करके दिखाने से वह कार्य स्थाई रूप से समझ आता है। साथ ही सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अब नकली बैंक की जगह असली बैंक के कर्मचारी बने। व्याख्याता अजय पाठक ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में बैंक के कार्य खुद से करने व ओटीपी तथा पिन नंबर कभी भी शेयर नहीं करने की सलाह दी। इस अवसर पर वाणिज्य संकाय के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विश्व मानक दिवस पर नीतीश ने राष्ट्रीय स्तर क्विज स्पर्धा में 51 रैंक हासिल किया

■ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किए छात्र को सम्मानित

**अंडा।** भारतीय मानक ब्यूरो रायपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में दिनांक 14 अक्टूबर को विश्व मानक दिवस का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य मानको एवं गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। मानको के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा स्कूलों में रजिस्टर्ड मानक क्लब के सदस्यों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा के छात्र नीतीश कुमार निर्मलकर ने नेशनल लेवल पर 51 रैंक हासिल कर शाला को गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि पर माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मानक महोत्सव रायपुर में एक भव्य समारोह में छात्र को पुरस्कृत किया। साथ ही साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मानक महोत्सव में अटल लैब एवं आर्यभट्ट गणित एवं विज्ञान क्लब के सहयोग से विज्ञान कार्निवल में विभिन्न मॉडलों का प्रदर्शन किया जिसमें स्मार्ट ट्रेन ऑक्यूपाइड ,स्केलेटन चेयर ,ब्रायन लिपि यह सभी मॉडल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे इन मॉडलों को आदरणीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य अतिथियों द्वारा बहुत ही सराय गया इसमें विभिन्न छात्राएं हिमेश, सोमेश साहू , रेमन देशमुख ,सुमित, रूपेश्वरी सर्व, रेणुका ,श्वेता साहू प्रीति साहू ,तरुण ,धनराज ,एवं उन माया उनमय ने मॉडलों का प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शाला की प्राचार्य सीमा जम्बुलकर एवं मानक क्लब मैटर स्वाति कोठारी एवं विभादुबे तथा समस्तशिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर भविष्य में भी शाला का नाम इसी तरह रोशन करने हेतु प्रेरित किया।

# मुख्य सचिव विकासशील से मिला शिक्षक फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी (सचिव छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन) के नेतृत्व में मुख्य सचिव श्री विकासशील को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दिया है।साथ ही शासकीय सेवक हितार्थ मुद्दों पर ज्ञापन दिया है। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने बताया कि मुख्यसचिव महोदय को प्रदेश के कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत कर गहन चर्चा किया है। प्रदेश के सभी कर्मचारियों के लिए चार स्तरीय समयमान वेतनमान का प्रारूप प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि NPS पेंशन योजना के स्थान पर अप्रैल 22 से लागू किये गये OPS योजना को LB संवर्ग तथा अन्य शासकीय सेवक एवं परिवार के बेहतर भविष्य के दृष्टिगत नवंबर 2012 से प्रभावशील करने का निवेदन किया है।सहायक शिक्षक संवर्ग को भी समस्त शासकीय सेवक के समान त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान स्वीकृति हेतु तथ्यात्मक ज्ञापन दिया है।सभी शिक्षक संवर्ग को समयबद्ध पदोन्नति,समयमान वेतनमान एवं सेजस स्कूलों में प्रतिनियुक्ति वाले शिक्षक संवर्ग तथा अन्य कर्मचारियों को कोषालय से मासिक वेतन भुगतान, सेवाकालीन सुविधा तथा स्वत्वों के अंतिम भुगतान के सरलीकरण जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुआ है।प्रतिनिधिमंडल में प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, उप-प्रांताध्यक्ष पवन सिंह,बालोद जिला अध्यक्ष राधेश्याम साहू (प्रदेश अध्यक्ष ओ बी सी महासभा),रायपुर जिला अध्यक्ष देवमणि साहू,जिला सचिव नीलम सोनी एवं मनसुख दास साहू शामिल हुए। पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्यसचिव महोदय ने प्रस्तुत मुद्दों का समीक्षा कर राज्य शासन की मंशा अनुसार शासकीय सेवक हित में सकारात्मक निर्णय

## रुखमणि के खाते में शीघ्र ट्रांसफर होगी पीएम आवास की द्वितीय किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जनधन का खाता होने पर ट्रांसफर नहीं हो रही थी राशि

जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुसुमकसा निवासी रुखमणी बाई पति गन्धुराम के बैंक के खाते में शीघ्र ही प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किश्त की राशि का अंतरण होगा।

जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 में रूखमणी बाई को आवास स्वीकृत किया गया है। जिसकी प्रथम किश्त की राशि 40 हजार 9 अप्रैल को संबंधित द्वारा प्रदाय खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई। निर्धारित स्तर तक निर्माण कार्य पूरा करने के उपरांत जियोटैगिंग पश्चात द्वितीय किश्त 55 हजार के लिए जनपद पंचायत डौण्डी द्वारा एफटीओ साइन किया गया, किन्तु एफटीओ बार–बार रिजेक्ट होना पाया गया।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में परीक्षण करने पर संबंधित हितग्राही का खाता, जनधन खाता का क्रेडिट लिमिट 50 हजार होने के कारण 50 हजार से अधिक की द्वितीय किश्त की राशि के कारण रिजेक्ट होना पाया गया।

इस संबंध में संबंधित हितग्राही द्वारा नवीन खाता संख्या प्रदान किया गया, जिसे योजना के पोर्टल में इंद्राज कर पुनः द्वित्तीय किश्त हेतु एफटीओ जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी कुछ दिवस में लंबित द्वितीय किश्त की राशि संबंधित हितग्राही के खाता में अंतरित हो जाएगा।

## कलेक्टर ने वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों का मेडल पहनाकर किया सम्मान ...



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शामिल होने वाले राजहरा वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन के प्रतिभागी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिले के वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों के उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों के मांग पर दल्लीराजहरा में खिलाड़ियों के लिए जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### आत्मानंद में नियमानुसार हो रही शिक्षक भर्ती

**बालोद।** जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी ने बताया कि जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं शासन के निर्धारित नियमों के अनुसार संचालित की जा रही है। सभी अभ्यर्थियों का चयन मेरिट सूची एवं दिशा–निर्देशों के अनुरूप किया गया है।

## असंतुलित खानपान और तनाव से होती है मधुमेह की बीमारी



**दल्लीराजहरा।** नेमीचंद जैन महाविद्यालय में मधुमेह जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. कविता सिंह के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आयुर्वेद चिकित्सालय चिखलाकसा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित द्विवेदी थे।

डॉ. द्विवेदी ने मधुमेह के कारणों, लक्षणों एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि असंतुलित खानपान, तनाव और अनियमित जीवनशैली मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ दिनचर्या, योग और नियमित स्वास्थ्य जांच को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सरिता स्वामी, डॉ. पी.के. सिंह, राजेश ठाकुर, राकेश कोठारी, यामिनी देवी, कांति नेताम, ओमेश्वरी मंडावी, दिनेश माखीजा, किशोर पटेल, शिकलेस नरेटी, डॉ. कमल बोदले, योगेश साहू, खोमेन्द्र सार्वा और जीवन लाल सहित 54 विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच संचालन का कार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता ने किया तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. ए. जॉन ने आभार व्यक्त किया।

### दीपावली पर पीपरछेड़ी में कल से कार्यक्रम

**बालोद।** मां लक्ष्मी उत्सव समिति, संगम बाल संस्था एवं ग्राम पीपरछेड़ी द्वारा दीपावली पर 18 से 23 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मां लक्ष्मी का प्रतिमा स्थापना की जाएगी। इसमें 18 अक्टूबर को शाम 5 बजे प्रतिमा स्थापना की जाएगी। 20 अक्टूबर को महालक्ष्मी पूजा का आयोजन शाम 6 बजे किया जाएगा। 23 अक्टूबर को हवन व विसर्जन का आयोजन सुबह 9 बजे किया जाएगा। वहीं शाम 5 बजे प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही रात्रि में जय मां वैष्णवी जस झांकी मंडली अछोली का कार्यक्रम होगा।

# बाबा मोंहदीपाठ में 26 को होगी देव मड़ई

**बालोद/निकुम।** बाबा मोंहदीपाठ में 26 अक्टूबर रविवार को देव मड़ई होगी, अर्जुन्दा से 10 किलोमीटर दूर विराजित प्राचीन देवस्थल बाबा मोहदीपाठ का दरबार है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में दीपावली मनाने के बाद प्रथम रविवार को बाबा मोंहदीपाठ में भव्य मेला मड़ई होती है। यह परंपरा बरसो से चली आ रही है। इस वर्ष 26 अक्टूबर रविवार को मेला मड़ई व पूजा होगी। विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बताया इस मंदिर की महिमा मंडित है, बाबा मोंहदीपाठ सबकी मन्नतें पूरी करते हैं, वह भी पूजा करने पूरे परिवार के साथ मंदिर आकर बाबाजी से क्षेत्र के किसानों व जनता की खुशहाली की कामना करेंगे। ग्रामीणों की मान्यता है, कि वर्षो से परम्परा के अनुसार दीपावली के बाद प्रथम रविवार को बाबा मोहदीपाठ में पूजा अर्जना कर मड़ई मेला में आकर अंचल सहित दूर दराज से आकर दर्शन करते हैं, वहीं पुराने नीम व सेमर के छांव में बाबा के साथ अन्य देव घोड़ा, अखरा, पखरा देव विराजित है।



बाबाजी का श्रृंगार करते हैं। जानकारी देते हुए अर्चना मोंहदीपाठ समिति अध्यक्ष नरसिंह देवागन ने बताया कि मोंहदीपाठ सहित खुरसुनी, बघेली, खुरसुल सहित क्षेत्र के आसपास के यादव बंधु अपने अपने गांव से पांरपरिक वेशभुशा में मेला मंडई, ध्वजा लेकर आकर मंदिर की परिक्रमा करते हैं। वहीं क्षेत्र में किसान अपनी अच्छी फसल व परिवार की खुशहाली की कामना लेकर मन्नत लेकर आते हैं। ग्राम देवता के नाम से ही नामकरण हुआ मोंहदीपाठ, प्राचीन नामकरण में शिवनाथ नदी के एक ओर 18 गढ़ और दूसरी ओर 18 गढ़ कुल 36 गढ में एक मेंहदीगढ़ मोंहदीपाट कहलाता है, चुकि प्राचीन काल में देवस्थल मोंहदीपाट के आसपास जंगली क्षेत्र था, मान्यता यह है कि आज भी बाबा मोंहदीपाट रात्रि में सफेद घोड़े पर चारो ओर भ्रमण कर क्षेत्र की रक्षा करते हैं, गौर हो कि किसानों को इस क्षेत्र में खेती किसानी में अकाल जैसे समस्याओं का सामना नही करना पड़ता है। किसानों की फसल अच्छी होती है, वहीं खरखरा मोंहदीपाट नहर नाली क्षेत्र में किसानो के लिए भागीरथी वरदान साबित हो रही है। जय अर्चना मोहदीपाठ समिति अध्यक्ष नरसिंह देवागन ने बताया कि मेला मंडई में हजारों श्रध्दालु दूर दराज से आते हैं, जिसमें मड़ई मेला में बाजार में बच्चों के लिए आसमानी झुले, ड्रैगन सहित हाटबजार को सुव्यवस्थित करने समिति के सदस्य जुटे हैं, वहीं बाबा मोहदीपाठ का दरबार रंग बिरंगी लाइट से सज रहा है। वहीं ग्रामीण भी मेले की तैयारी में जुटे हैं। थाना प्रभारी अर्जुंदा जोगिन्दर साहू ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल सहित सुरक्षा के पूरे इंतजाम रहेगा।







